# केन्द्रीय विद्यालय में हुआ पौधरोपण विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सहकारी संस्था द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं विद्यालय के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अनुभा जैन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, विद्यालय की प्राचार्य सुमन सिंह सहित कुमार मनेन्द्र, अजय सिंह, सरिता रघुवंशी, सरिता जैन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय परिसर में नीम सहित अन्य पौधों का रोपण किया। विद्यार्थियों को हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण, वृक्षों के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता एवं स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाना एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज में हरित आवरण बढ़ाने के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।